Title: Request to seal the national border along the Jammu and Kashmir State in order to assit the farmers and control the drug traffiking.

वैद्य विष्णु दत्त शर्मा (जम्मू): अध्यक्ष महोदय, मेरे क्षेत्र की प्रायः सभी सीमाएं पाकिस्तान के साथ लगी हैं। यह सीमा दो भागों में बंटी है। एक सीमा एक्चुअल लाइन ऑफ कंट्रोल कहलाती है और दूसरी कुछ सीमाएं इंटरनेशनल बॉर्डर के तौर पर जानी जाती हैं। लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल को पार करके टैरेरिस्ट आते हैं। अब नेशनल बॉर्डर पार करके टैरेरिस्ट इधर दाखिल होने शुरु हो गए हैं। कुछ उग्रवादी पकड़े भी गए हैं और कुछ ने लोगों को मार दिया। किसान जो बॉर्डर में रहते हैं, खेती-बाड़ी नहीं कर सकते और रात को आराम से सो नहीं सकते हैं। मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि उस नेशनल बॉर्डर को सील करके सीज कर लिया जाए। इससे खेती-बाड़ी मुमकिन हो जाएगी और ड्रग्स ट्रैफिकिंग भी उस रास्ते से बंद हो जाएगी। यह एक जरूरी मसला है जिसे करना जरूरी है।